अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 10 जुलाई 2024
आषाढ़ शुक्ल-चतुर्दी
विक्रम संवत-2081

Page no: 06 Middle

विद्यार्थियों ने चिकित्सा नैतिकता की ली जानकारी

बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को पीजीआई चंडीगढ़ की ओर से कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों को चिकित्सा नैतिकता के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला में पीजीआई चंडीगढ़ के प्रो. विकास मेथी, डॉ. अजय प्रकाश और दिल्ली के डिप्टी ड्रग कंट्रोलर डॉ. इंद्रजीत सिंह हुरा ने चिकित्सा नैतिकता, क्लिनिकल प्रैक्टिस और नैदानिक अनुसंधान पद्धति से संबंधित आठ विषयों पर व्याख्यान दिए। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के वैज्ञानिक डॉ. जेरिन जोस चेरियन ने कार्यशाला में ऑनलाइन शामिल होकर व्याख्यान दिया। आयोजन मेडिकल एजूकेशन डिपार्टमेंट ने किया।

उद्घाटन सत्र में ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने चिकित्सकों से मरीजों को देखते समय व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की अपील की। प्राचार्य डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. संध्या चौहान, डॉ. जसविंदर सिंह, डॉ. जी क्रांति कुमार, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा रहे। संवाद